जग और मग

0220CH07

नींबू पानी बनाओ और मज़े से पिओ

तुम्हें चाहिए

आधा नींबू

एक चुटकी नमक


एक चम्मच चीनी

एक गिलास पानी

कैसे बनाएँ –



अंदाज़ा लगाओ और फिर पता करो –

आधे नींबू से तुम्हें कितनी बूँद नींबू का रस मिलता है? __________

एक पूरे नींबू से तुम्हें कितनी बूँद नींबू का रस मिलता है? __________

नींबू के रस की कितनी बूँदों से एक चम्मच भर जाएगा। __________

अपने नींबू पानी का आनन्द उठाओ!

कोई पेय बनाने के लिए आमतौर पर आसपास उपलब्ध वस्तुओं का प्रयोग किया जा सकता है और पेय पदार्थ का नाम भी बदला जा सकता है। मुख्य रूप से ध्यान आयतन पर होना चाहिए।

© NCERT not to be republished

6 गिलास नींबू पानी बनाने के लिए –

तुम्हें कितने नींबू चाहिए? __________

तुम कितने चम्मच चीनी लोगे? __________

गाँव के मेले में नींबू पानी का स्टॉल

चैत्रा के गाँव में एक मेला लगा है। चैत्रा, नज़ीम और अनीश नींबू पानी बेचने का स्टॉल लगाना चाहते हैं। वे बाल्टी भरकर नींबू पानी बनाते हैं।

वे दो अलग-अलग तरह के गिलास का इस्तेमाल करते हैं।

अनीश एक जग लाया।

क्या तुम समझते हो कि बाल्टी की बजाय एक जग से गिलास में पानी डालना ज़्यादा आसान होता है?

© NCERT not to be republished

नज़ीम ने देखा कि 2 बड़े गिलास से जग भरता है।

शबनम जग भरकर नींबू पानी खरीदना चाहती है।

उसे कितना पैसा देना होगा? ____________

चैत्रा ने देखा कि 2 छोटे गिलास से 1 बड़ा गिलास भरता है।

कितने छोटे गिलास नींबू पानी से एक जग भरेगा? _________

कितने छोटे गिलास नींबू पानी से आधा जग भरेगा? _________

बर्तन भरने का मज़ा

पता करो कितने कप पानी से तुम्हारी बोतल भरेगी।

पहले अंदाज़ा लगाओ और फिर करके देखो।

अब उसी कप से दूसरी बोतल भरो।

किस बोतल में कम पानी भरा है?

उसी कप से पानी किसी और बोतल में डालकर देखो।

किस बोतल में सबसे कम पानी है?

© NCERT not to be republished

सुनयना और जसप्रीत रसोईघर से कई तरह के **बर्तन** लाए।

उनके पास एक जग, एक गिलास, एक मग, एक भगौना और एक कटोरा था।

उन्होंने इन सबको एक कप से भरा।

अंदाज़ा लगाओ, किस बर्तन में सबसे कम पानी है। ______________

किस बर्तन में सबसे ज़्यादा पानी है? ______________

अब तुम अपने रसोईघर से अलग-अलग तरीके के बर्तन जमा करो।

इन सभी बर्तनों को भरने के लिए एक ही कप का इस्तेमाल करो।

हर बर्तन में कितने कप पानी आ सकता है?

पहले अंदाज़ा लगाओ, फिर करो।

कौन से बर्तन का इस्तेमाल किया	*इसे भरने में कितना कप पानी लगा*

© NCERT not to be republished

जिसमें ज़्यादा पानी भरा जा सकता है उस पर गोला लगाओ।

(क)

(ख)

(ग)

(घ)

© NCERT not to be republished

रानी और दूधवाला

अनिल दूधवाला है। वह रोज़ रानी के घर एक बराबर दूध देता है। वह रानी के दूध के बर्तन को भरने में तीन बार अपने मग का इस्तेमाल करता है।

पर एक दिन रानी की माँ ने उसे दूध के लिए एक दूसरा बर्तन दिया।

रोज़ तो रानी का बर्तन पूरा भर जाता था। पर आज उसका बर्तन पूरा नहीं भरा था।

क्या तुम सोचते हो कि अनिल ने रानी को कम दूध दिया? पता लगाने में उसकी मदद करो।

पता लगाओ

तुम्हारी माँ रोज़ कितना दूध लेती हैं? _______________

अपने आप करो

अपने रसोईघर से अलग-अलग तरह के पाँच बड़े बर्तन लो।

सब बर्तनों को बारी-बारी से 1 जग पानी से भरो।

तुमने क्या देखा? ऐसा क्यों हुआ?

अपने दोस्तों से इसके बारे में बात करो।

© NCERT not to be republished

प्यासा कौआ

चरपी कौआ बहुत प्यासा था। उसने सब ओर देखा पर उसे कहीं पानी नहीं दिखा। अचानक उसे एक मटका दिखाई दिया।

जब उसने पानी पीने की कोशिश की तो पाया कि मटके में बहुत कम पानी था। उसने पास में ही कंकड़ देखे।

उसने एक-एक करके मटके में कंकड़ डाले।

पानी ऊपर आ गया।

चरपी कौए ने पानी पिया और उड़ गया।



© NCERT not to be republished

क्या तुम चरपी की तरह बनना चाहते हो?

क्या तुम जानना चाहते हो कि मटके का पानी ऊपर कैसे आया?

एक ही आकार के दो गिलास लो।

दोनों गिलासों को पानी से आधा-आधा भर लो।

अंदाज़ा लगाओ कि पहले गिलास के पानी को गिलास के ऊपर तक लाने के लिए तुम्हें इमली के कितने बीजों की ज़रूरत पड़ेगी।

अब इसे करो।

कितने बीजों का इस्तेमाल हुआ है? गिनो और लिखो ____________

अब उतने ही कंचे दूसरे गिलास में डालो।

क्या हुआ?

इस काम को दुबारा करो। अब गिलास में बड़े पत्थर डालो।

अब क्या हुआ? क्यों?

इसके बारे में कक्षा में बात करो।

© NCERT not to be republished

पानी कितना चाहिए

पता करो तुम्हारे घर में नीचे दिए गए हर एक काम में कितने मग या कितनी बाल्टी पानी लगता है।

अंदाज़ा लगाओ और पता करो –

(क) एक बाल्टी कितने मग पानी से भर जाती है? ____________

(ख) तुम नहाने के लिए कितने बाल्टी पानी का इस्तेमाल करते हो?

____

(ग) तुम नहाने के लिए कितने मग पानी का इस्तेमाल करते हो?

____

एक गुब्बारा भरने में कितने पानी की ज़रूरत होती है?

____

पिचकारी भरने में कितने पानी की ज़रूरत होती है?

____

एक बार में मैं 9 बाल्टी पानी पी सकता हूँ। एक बारी में मेरे जैसे दो ऊँट कितनी बाल्टी पानी पी सकते हैं?

बच्चों को ये क्रियाएँ घर में करने तथा जो देखा उसे नोट करने के लिए प्रेरित करें। अलग-अलग आयतन के बर्तनों के इस्तेमाल के संदर्भ में बच्चों से चर्चा करें।

© NCERT not to be republished